SET 𝔹

SSLC EXAMINATION 2019

Third Language

Hindi

Std X — Total Score : 40

Time : 90 mts

सामान्य निर्देश :-

- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें ।

बीरबहूटी कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> वे एक दूसरे के बहूत नज़दीक रहकर , बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे । उन्हें देखने केलिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे । " बेला देखो , इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिब्बन जैसा लाल है"। साहिल ने कहा ।
>
> तुमने कुछ सुना बेला ?
>
> हाँ सुना पहली घंटी लग गई है।
>
> लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है , दूकान से ।

1. कहानी के मुख्य पात्र कौन- कौन हैं ? — 1
2. बच्चे बीरबहूटियों को कब और कहाँ ढूँढ़ते हैं ? — 1
3. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें । — 4

सूचना - “ बच्चे काम पर जा रहे हैं " कविता का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> क्या अंतरीक्ष में गिर गई है सारी गोंदें
> क्या दीमकों ने खा लिया है
> सारी रंग-बिरंगी किताबों को
> क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे खिलौने
> क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं
> सारे मदरसों की इमारतें।

4. . कविताँश के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

(क) बच्चे पढ़ाई से वंचित हैं ।

(ख) बच्चों केलिए पर्याप्त स्कूल हैं।

(ग) बच्चों को पढ़ाई की सुविधाएँ हैं।

(घ) बच्चों को काम पर जाना पसंद हैं।

5. निम्नलिख्त आशयवाली पंक्तियाँ कविताँश से चुनकर लिखें।

"क्या सारी पाठशालाओं का नाश हुआ है ?"

6. बालश्रम समाज के विनाश हैं।इस प्रस्ताव पर अपना विचार लिखें।

अथवा

" हम बालश्रम को दूर करेंगे" - विषय पर एक **पोस्टर** तैयार करें।

सूचना – " सबसे बड़ा शो मैन" जीवनी का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अंत में माँ उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई ।कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की । चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार .....

7. सही वाक्य चुनकर लिखें।

(क) लोग तालियाँ बजाने लगा ।

(ख) लोग तालियाँ बजाने लगी।

(ग) लोग तालियाँ बजाने लगे।

(घ) लोग तालियाँ बजाने लगीं।

8. मान लें , प्रस्तुत अनुभव चार्ली की माँ ने अपनी डायरी पर लिखी है ।उसने क्या- क्या लिखा होगा कलपना करके लिखें।

सूचना :- "ठाकुर का कुआँ " कहानी का अंश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बोली - "यह पानी कैसे पिओगे ? " " नजाने कौन जानवर मरा है कुएँ से ? "
" मैं दूसरा पानी लाए देती हुँ ।" जोखू ने आशचर्य से उसकी ओर देखा । "पानी कहाँ से लाएगी ?" ठाकुर औरसाहु के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा ।

9 जोखू के आश्चर्य की क्या बात थी ?

(क) गाँव में कहीं पानी नहीं हैं।

(ख) ठाकुर और साहू पानी लेने नहीं देंगे ।

(ग) गंगी पर उसे विश्वास नहीं था ।

10. हाथ – पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा –इस कथन पर आपका विचार क्या है?

जाति व्यवस्था समाज का अभिशाप है । इस विषय पर **लघु लेख** लिखें।

अथवा

जातिप्रथा एक अभिशाप है –संदेश देते हुए एक **टिप्पणी** लिखें।

जैसलमेर " यात्रा वृत्त" का यह अंश पढ़ें और 1 1से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक दूकान के बाहर मैंने लिखा था थैंक यू लोनली प्लानेट फॉर मैंकिंग असनएम्लोइड़ (हमें बेरोज़गार बनाने केलिए तेरा शुक्रिटा) पता चला कि दुनिया भर में चर्चित पर्यटक गाइड़ लोनली प्लानेट में किसीने इस जगह के बारे में कुछ खराब लिख दिया है। इसलिए विदेशी पर्यटकों का यहाँ आना कम हो गया है। भई ,वाह जैसलमेर के व्यवसाइयों का गुस्सा दिखाने के इस अंदाज की क्या बात है ।

11. विदेशी पर्यटकों की कमी का कारण क्या है ?

(क) व्यवसायियों के गुस्सा

(ख)सेनारकिल्ले की खराबी

(ग)इस जगह के बारे में लोनली प्लानट का बुरा जिक्र ।

12. निम्नलिखित वाक्य में रेखाँकित क्रियारूप का सीधा संबन्ध किस शब्द से हैं?

बड़ी संख्या में परिवार **रहते हैं।**

संबन्ध पहचाने और **सही मिलान** करें ।

सोनार केल्ला	दुनिया की छत
तिब्बत्त	असली रेंगिस्तार
सम	जैसलमेर का एक मज़ेदार जगह

Prepared by Asok kumar N.A HSA Hindi GHSS Perumbalam .Alappuzha (DT)
MOB– 9447378576